साइबर ठग गिरोह के चार अन्तर प्रान्तीय सदस्य गिरफ्तार

कौशाम्बी। टेलीग्राम एप के जरिए लोगों से साइबर धोखाधड़ी करने वाले अंतर प्रांतीय गिरोह के चार सदस्यों को जिले की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसी के साथ ५० हजार रुपये की धोखाधड़ी का भी खुलासा किया गया है। पकड़े गए सभी आरोपी सीतापुर जनपद के रहने वाले हैं। मीडिया के सामने पेश करने के बाद उनका चालान कर दिया गया है।

सराय अकिल कस्बे के बुद्धपुरी पश्चिम मोहल्ला निवासी सचिन रस्तोगी के बैंक खाते से तीन अक्तूबर को ५० हजार रुपये की धोखाधड़ी हुई थी। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने मामले के खुलासे के लिए साइबर क्राइम थाना और सराय अकिल पुलिस की संयुक्त टीम गठित की थी। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों व इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों के आधार पर जांच करने के बाद शनिवार को चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान आदर्श मिश्र पुत्र रामकृष्ण मिश्र निवासी स्टेशन रोड कस्बा कमलापुर थाना कमलापुर जिला सीतापुर, इसी जनपद के उमरिया कला थाना लहरपुर निवासी पुनीत शुक्ल उर्फ अनुराग पुत्र दीनबंधु, ग्राम कमोलिया थाना कमलापुर निवासी सत्यम पुत्र राजेश कुमार तथा विक्रमपुर थाना कमलापुर निवासी निखिल सिंह पुत्र विजय सिंह के रुप में हुई है। पकड़े गये अभियुक्तो के खिलाफ पुलिस ने लियाा पढी कर चालान कर दिए।


साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किए पुलिस

कुनबे ने गाली-गलौज का विरोध करने पर वकील को पीटा

चायल,कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के सेंवढ़ा गांव में शनिवार की शाम पड़ोसी कुनबे ने गाली-गलौज का विरोध करने पर एक वकील की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से वह लहूलुहान हो गये। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ने थाने जाकर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

पुलिस चौकी लोधौर क्षेत्र के सेंवढ़ा गांव निवासी अखिलेश कुमार पुत्र शिवलाल अधिवक्ता हैं और तहसील चायल में प्रैक्टिस करते हैं। उनके अनुसार शनिवार की शाम वह तहसील से घर लौटे।इसी दौरान उन्होंने देखा कि पड़ोसी एक परिवार के साथ किसी बात को लेकर गाली-गलैाच कर रहे हैं।उन्होंने मध्यस्ता करते हुए गाली-गलौज का विरोध किया। आरोप है कि गाली का विरोध करने से नाराज होकर पूरे कुनबे ने उनकी जमकर पिटाई कर दिया।। पिटाई से वकील लहूलुहान हो गये। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया।घायल ने थाने जाकर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

करण्ट की चपेट में आने से युवक की गयी जान

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के खनवारी गांव निवासी एक युवक की शनिवार रात करण्ट की चपेट में आने से मौत हो गई। वह बिस्तर बिछाते वक्त हादसे का शिकार हुआ। घटना से पीडित परिवार में कोहराम मच गया है।

खनवारी निवासी गणेश सरोज का बेटा जितेंद्र (२२) तीन भाइयों में सबसे छोटा था। शनिवार रात भोजन करने के बाद वह चारपाई पर बिस्तर बिछा रहा था। चादर फैलाने के लिए उसने जैसे ही बिस्तर को झटका, वह ऊपर से गुजरे बिजली के तार में उलझ गया। इससे तार टूटकर उसके ऊपर गिर पड़ा और वह करण्ट की चपेट में आकर झुलस गया। चीख-पुकार सुन पहुंचे परिवार के लोग उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए। यहां चिकित्सकों ने चेकअप कर मृत घोषित कर दिया। दिवंगत जितेंद्र राजस्थान के राजकोट शहर में रहकर मेहनत-मजदूरी करता था। एक महीने पहले ही वह वहां की किसी युवती को साथ लेकर गांव आया था। लड़की के बाबत पूछने उसने परिजनों से शादी करने की बात कही थी। घटना के बाद से परिवारीजनों के आंसू थामे नहीं थम रहे हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ओवर स्पीडिंग में २४० वाहनों का हुआ ई-चालान

कौशाम्बी। जिले में यातायात नियमों का पालन करने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिले की पुलिस ने ऑपरेशन सेफ स्पीड के तहत शनिवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत के निर्देशन में क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में प्रमुख मार्गों और दुर्घटना संभावित स्थलों पर वाहनों की जांच की। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले २४० वाहनों का ई-चालान किया गया। मालवाहक पिकअप व ट्रैक्टरों में अवैध रूप से सवारियां बैठाकर ले जाने वाले चालकों को जागरूक किया गया। वहीं, दूसरी ओर देर रात एसपी ने सड़क सुरक्षा माह के दृष्टिगत गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों का प्रभावी अनुपालन, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई तथा हेलमेट एवं सीटबेल्ट के अनिवार्य प्रयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिससे यातायात नियमों का पालन हो सके।

विवाहिता की मौत, इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप

कौशाम्बी। मंझनपुर के ओसा रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती विवाहिता की रविवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। तीन साल पहले उसकी शादी हुई थी। मायके वालों ने ससुरालियों पर समुचित इलाज न कराने का आरोप लगाया है। शिकायत पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के गौसपुर टिकरी निवासी रामसृष्टि का कहना है कि उन्होंने तीन साल पहले अपनी २६ वर्षीय बेटी गिरजा देवी की शादी महेवाघाट के टिकरा गांव में सुंदरलाल से की थी। दंपती का एक साल का बेटा नित्या है। आरोप है कि गिरजा काफी दिनों से बीमार थी, लेकिन ससुराली उसका समुचित इलाज नहीं करा रहे थे। हालत बिगड़ने पर उसे मंझनपुर के ओसा रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। वहीं, ससुराल पक्ष का कहना है कि गिरजा को २४ अक्तूबर से बुखार था। जिला अस्पताल से रेफर किए जाने के बाद उसे पहले समदा रोड और फिर ओसा रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। थाना प्रभारी कुमार शंकरम ने बताया कि मायके पक्ष ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असल वजह स्पष्ट हो सकेगी। तहरीर के आधार पर जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

मां शीतला मंदिर के सौंदर्यीकरण में लाखों के घोटाले का आरोप

कौशाम्बी। मंझनपुर ब्लाक के अगियौना गांव में विकास कार्यों को लेकर ग्राम प्रधान की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने मां शीतला मंदिर के सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है। इसके अलावा दलित बस्ती में सड़क निर्माण न होने, नाली और इंटरलॉकिंग का काम अधूरा रहने तथा स्ट्रीट लाइटें और हैंडपंप खराब होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में नाली निर्माण और इंटरलॉकिंग के नाम पर धनराशि निकाले जाने के बावजूद धरातल पर काम नहीं कराया गया। विकास कार्यो के लिए पैसा खर्च होने के दावों के बीच बुनियादी सुविधाओं का अभाव व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीणों ने इन कार्यों में खर्च की गई धनराशि और मौके पर हुए निर्माण की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों के मुताबिक दलित बस्ती में सड़क निर्माण के लिए करीब १५ वर्षों से मांग की जा रही है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। रास्ते की सुविधा नहीं होने से लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं खंभों पर लगी स्ट्रीट लाइटें खराब होने से रात में कई हिस्सों में अंधेरा छाया रहता है। ग्रामीणों का दावा है कि गांव की करीब ७० प्रतिशत स्ट्रीट लाइटें खराब हैं, जबकि लगभग ४० प्रतिशत हैंडपंप पानी नहीं दे रहे हैं। इससे लोगों को रोशनी और पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मां शीतला मंदिर के ऊपर लगी लाइट भी खराब बताई जा रही है। ग्रामीणों ने मंदिर में ताला लगाए जाने से पूजा-अर्चना में परेशानी होने की बात भी कही है।

श्वसुर ने बहू से किया दुराचार का प्रयास,केसदर्ज

कौशाम्बी। सराय अकिल थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि २९ अक्तूबर की रात उसके ससुर छितानी लाल अश्लील हरकत करते हुए हाथ पकड़कर कमरे में खींच ले गया। वहां दुराचार का प्रयास करने लगा। शोरगुल पर सास पहुंच गई तो महिला की इज्जत बची।

सराय अकिल थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि २९ अक्तूबर की रात उसके ससुर छितानी लाल अशील हरकत करते हुए हाथ पकड़कर कमरे में खींच ले गया। वहां दुराचार का प्रयास करने लगा। शोरगुल पर सास पहुंच गई तो महिला की इज्जत बची। इसके बाद आरोपी ससुर ने सास-बहू को कहीं भी शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी और फरार हो गया। आरोप है कि महिला संबंधी अपराध के गंभीर मामले में भी स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। परेशान पीडिता ने एसपी सत्यनारायण प्रजापत को शिकायती पत्र दिया। उनके आदेश पर शुक्रवार को मुकदमा कायम किया गया। सीओ चायल शिवांक सिंह ने जांच के बाद आगे की कार्रवाई कराने की बात कही है।

बीमार गाय का कराया इलाज


बीमार गाय का इलाज कराते समाजसेवी

सराय अकिल,कौशाम्बी। सराय अकिल कस्बे म्योहर रोड में सड़क किनारे बेसुध पड़ी एक बीमार लावारिस गाय को देखकर अजय कुमार अग्रहरी ने मदद के लिए हाथ बढ़ाया। उन्होंने बिना देर किए पशु चिकित्सक प्रभात गौतम को सूचना दी। सूचना मिलते ही पशु चिकित्सक राम सिंह मौके पर पहुंचे और गाय का उपचार शुरू किया।

सराय अकिल कस्बे के शिवाला मंदिर म्योहर रोड का है। यहां सड़क किनारे एक लावारिस गाय बीमार हालत में बेसुध पड़ी थी। काफी देर तक गाय को इस हालत में देखकर अजय कुमार अग्रहरी ने संवेदनशीलता दिखाई और उसके उपचार की पहल की। सूचना पशु चिकित्सा प्रभात गौतम को दी जानकारी होते ही पशु चिकित्सक राम सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे और गाय की स्थिति देखते हुए इलाज शुरू किया। समय रहते उपचार मिलने से बीमार बेजुबान को राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस पहल में पत्रकार अजय कुमार अग्रहरी की संवेदनशीलता और पशु चिकित्सकों की तत्परता देखने को मिली। स्थानीय लोगों ने दोनों की सराहना करते हुए कहा कि बेजुबान पशु अपनी तकलीफ किसी से कह नहीं सकते। ऐसे में उनकी मदद के लिए आगे आना ही सच्ची मानवता है।

आसपा का जिलाध्यक्ष बनाने का झांसा, दुराचार का प्रयास

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र की एक युवती को आजाद समाज पार्टी कांशीराम में महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनवाने का झांसा दिया गया। इसके बदले आरोपी ने उस पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। मना करने पर फोटो, वीडियो और मोबाइल नंबर दोस्तों को साझा कर दिया। युवती की बहन की तहरीर पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

कोखराज क्षेत्र की एक युवती ने बताया कि उसकी बहन आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की समर्थक है। पार्टी के कार्यक्रमों में भी बराबर आती-जाती है। इसी के साथ इंस्टाग्राम भी चलाती है। पीडिता के मुताबिक, १५ फरवरी २०२६ को किसी शिव राव नाम के व्यक्ति ने उसकी बहन को इंस्टाग्राम पर संदेश भेजा। उसने खुद को पार्टी का प्रयागराज के सोरांव विधानसभा क्षेत्र का मीडिया प्रभारी बनाया। इसके बाद पार्टी में ऊंची पकड़ होने का हवाला देते हुए महिला मोर्चा का कौशाम्बी जिलाध्यक्ष बनवाने का प्रलोभन दिया। इसके बदले शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला। मना करने पर इंस्टा से फोटो, वीडियो डाउनलोड कर तथा मोबाइल नंबर हासिल कर अपने दोस्तों को दे दिया। उसके दोस्त भी गलत इरादे से बार-बार फोन करने लगे। तीन अक्तूबर को ऐसा करने से मना करने पर आरोपी ने बलात्कार करने और हत्या कर देने की धमकी दी। इस संबंध में इंस्पेक्टर संतोष शर्मा का कहना है कि मुकदमा कायम कर आरोपों की जांच कराई जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उस हिसाब से आगे की कार्रवाई कराई जाएगी।

अश्लील वीडियो बनाया, पुलिस अफसर बनकर १.५३ लाख ठगे

कौशाम्बी। व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल कर साइबर शातिरों ने महेवाघाट क्षेत्र के एक युवक का अश्लील वीडियो बनाया। इसके बाद पुलिस अफसर बनकर डराते-धमकाते हुए उससे १.५३ लाख रुपये ठग लिए। मामले की शिकायत पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।महेवाघाट इलाके के युवक ने बताया कि १९ अक्तूबर को उसके व्हाट्सएप पर अंजान नंबर से मैसेज और वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाली कोई लड़की थी। उसने खुद को भी निर्वस्त्र दिखाया। इसके बाद झांसा देकर पीडित को भी निर्वस्त्र करा दिया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो भेजकर तरह-तरह की धमकी दी। किसी ने पुलिस अधिकारी बनकर फोन किया। जेल भेजने की धमकी देते हुए रुपयों की मांग की। लोक-लज्जा के डर से पीडित ने आरोपी को एक लाख ५३ हजार ४९९ रुपये ऑनलाइन दे दिए। बाद में ठगी का एहसास होने पर पीडित के होश उड़ गए।

उसने तत्काल मामले की शिकायत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर पर की। थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में सीओ कौशाम्बी अरुण कुमार शुक्ल का कहना है कि मुकदमा कायम करा दिया गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। रकम वापसी का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

युवती ने लगाया शारीरिक सम्बंधों के बाद शादी से मुकरने का आरोप,शिकायत

चायल,कौशाम्बी। सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती के साथ उसके मंगेतर ने पांच सालों तक शारीरिक संबंध बनाने के बाद अब शादी से मुकर गया। इससे नाराज युवती ने आत्महत्या का प्रयास किया। पीडिता के पिता ने रविवार को पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।

इलाके के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि सरायअकिल कस्बा निवासी युवक के साथ उनकी बेटी का करीब पांच वर्षों से प्रेम प्रसंग था। दोनों ने मंझनपुर में वैवाहिक इकरारनामा भी तैयार कराया था और सगाई की रस्म भी अदा की थी। आरोप है कि इसी दौरान युवती गर्भवती हुई तो उसे बिना जानकारी दिए गर्भपात की दवा खिला दी गई। युवती का आरोप है कि युवक के जीजा ने इस बात को स्वजन से बताने पर शादी न होने देने की धमकी दी। एक हफ्ते पहले कोटिया गांव निवासी जीजा के हस्ताक्षेप के बाद युवक ने भी शादी करने और साथ रखने से इनकार कर दिया। इसी विवाद से आहत होकर युवती ने आत्महत्या का कदम उठाने की कोशिश की। जिसे लेकर वह पिपरी के मखऊपुर गांव में स्थित निर्माणाधीन ग्राम न्यायालय परिसर की पानी टंकी पर चढ़ कर कूदने का प्रयास किया। पुलिस ने शकुशाल नीचे उतारा। पीडिता के पिता ने रविवार को पुलिस से मामले की जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है।

पुरानी रंजिश को लेकर बच्चों के साथ मारपीट जान से मारने की धमकी

चायल,कौशाम्बी। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार इलाके की एक महिला ने पुरानी रंजिश के चलते दबंगों द्वारा बच्चों के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीडिता ने थाने में लिखित शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पुरानी बाजार निवासी सितारा पत्नी शहीद पाशा ने थाने में दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि उनके गांव के ही कुछ लोग पुरानी रंजिश को लेकर रंजिश मान रहे हैं। आरोप है कि सुमित पटेल पुत्र स्व० अज्ञात, मंगल पटेल, छोटू, दीपक, शिवम पुत्रगण भैया पेन्टर तथा कुछ अन्य अज्ञात लोगों ने पुरानी दुश्मनी को लेकर प्रार्थिनी के बच्चों के साथ मारपीट की। पीडिता का आरोप है कि दबंगों ने उनके बच्चों को पीट-पीटकर घायल कर दिया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीडिता सितारा ने बताया कि वह एक गरीब और निर्धन महिला है। घटना के बाद से उसका परिवार डरा हुआ है। उसने थाने पहुंचकर पुलिस से गुहार लगाई है कि पूरे मामले की निष्पक्ष रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए जिससे उसके परिवार को सुरक्षा मिल सके पुलिस जांच में जुट गई हैं। पुलिस का कहना है, कि तहरीर मिली है, केस दर्ज करा दिया गया है, जांच कराया जा रहा है, आरोप सही पाये जाने पर आरोपित के खिलाफ विधिक कारवाई किया जायेगा।

वृहद मेगा कैम्प का आयोजन, १८७० लाभार्थियों को मिला विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ

कौशाम्बी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के तत्वावधान में जनपद न्यायालय परिसर में वृहद मेगा कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र लाभार्थियों को चिह्नित कर योजनाओं से लाभान्वित किया गया। विभिन्न विभागों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को प्रमाणपत्र, स्वीकृति पत्र एवं सहायक उपकरण वितरित किए गए। शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागीय स्टालों के माध्यम से कुल १८७० लाभार्थी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय जनपद न्यायाधीश बद्री विशाल पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिविर का उद्देश्य पात्र व्यक्तियों तक सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा जरूरतमंद लोगों को विभिन्न विभागों की सेवाओं से जोड़ना रहा। स्वागत वक्तव्य प्रिया सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दिया और वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। समाज कल्याण विभाग के एडीओ कपिल देव त्रिपाठी, मंझनपुर ने कहा कि समाज कल्याण विभाग की योजनाओं का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान करना भी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचनी चाहिए, ताकि कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों एवं सरकारी सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, छात्रवृत्ति योजना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार पीडित सहायता, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, वृद्धाश्रम संचालन योजना, अनुसूचित जाति छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।


कैम्प में मंचासीन अधिकारी ।

श्रमिकों के अधिकार एवं कल्याणकारी योजनाओं पर दिया जोर

कौशाम्बी। श्रम विभाग की प्रतिनिधि किरण चौरसिया ने कहा कि श्रमिक अपने परिवार का भरण-पोषण करने के साथ-साथ अपने परिश्रम से राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने श्रमिकों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा पात्रता के अनुसार श्रमिक पंजीकरण कराने की अपील की। उन्होंने भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों के लिए संत रविदास शिक्षा सहायता योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना तथा निर्माण श्रमिक पेंशन योजना की जानकारी दी। इसके साथ ही असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए ई-श्रम कार्ड, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मजदूरी का भुगतान न होने अथवा शोषण की स्थिति में संबंधित विभाग में शिकायत की जानी चाहिए।

महिलाओं की सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव के लिए किया जागरूक

कौशाम्बी। पुलिस विभाग की उपनिरीक्षक सुश्री विंध्यवासिनी ने महिलाओं एवं बालिकाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों, डिजिटल अरेस्ट जैसी धोखाधड़ी तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में संबंधित अधिकारियों से सहायता लेने की सलाह दी। मिशन शक्ति केंद्र के माध्यम से पात्र महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, २००५, दहेज प्रतिषेध अधिनियम तथा कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध एवं निवारण) अधिनियम, २०१३ की जानकारी दी गई। महिला पीडितों को न्याय एवं मुआवजे से संबंधित जानकारी देने के साथ उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान महिला हेल्पलाइन १८१ आपातकालीन पुलिस सहायता ११२ चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर १०९८ तथा उत्तर प्रदेश महिला पावर हेल्पलाइन १०९० के बारे में भी जानकारी दी गई।

महिला एवं बाल कल्याण योजनाओं की दी गई जानकारी

कौशाम्बी। महिला एवं बाल कल्याण विभाग की अंजू द्विवेदी ने महिलाओं के कल्याण एवं सशक्तिकरण से संबंधित मिशन शक्ति योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वन स्टॉप सेंटर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बाल संरक्षण एवं बाल कल्याण से संबंधित मिशन वात्सल्य योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन १०९८, बाल विवाह रोकथाम कार्यक्रम, दत्तक ग्रहण एवं पालन-पोषण देखभाल योजना तथा रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के बारे में भी विस्तार से बताया।

कैकेयी के वरदान ने दशरथ को दिया गहरा संताप, राम को मिला १४ वर्ष का वनवास

मंथरा के बहकावे में आयी कैकेयी ने मांगे वरदान, राम-लक्ष्मण और सीता वन की ओर हुए रवाना

करारी,कौशाम्बी। करारी रामलीला महोत्सव में शनिवार की रात कैकेयी-मंथरा संवाद, कैकेयी के कोपभवन में जाने और राम वनवास की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय ने दर्शकों को भावुक कर दिया। लीला प्रसंग के अनुसार, राजा दशरथ ने एक दिन आईने में अपना चेहरा देखा तो उन्हें कुछ बाल सफेद दिखाई दिए। चौथापन की आहट जानकर वह गुरु वशिष्ठ के पास जाकर श्रीराम का राज्याभिषेक करने की इच्छा जताई। गुरु की सहमति मिलने के बाद अयोध्या में राज्याभिषेक की तैयारियां शुरू हो गईं। नगर में मंगलगीत गाए जाने लगे। यह देखकर मंथरा ने कैकेयी को भड़काना शुरू कर दिया। पहले कैकेयी ने उसकी बातों का विरोध किया, लेकिन बाद में उसके बहकावे में आकर कोपभवन में चली गईं। राजा दशरथ के पूछने पर कैकेयी ने अपने दो वरदान मांग लिए। इनमें भरत के लिए राजगद्दी और श्रीराम के लिए १४ वर्ष का वनवास शामिल था। यह सुनकर राजा दशरथ व्याकुल होकर अचेत हो गए। पिता के वचन का मान रखने के लिए श्रीराम वन जाने को तैयार हो गए। उनके साथ लक्ष्मण और माता सीता भी चल पड़े। अयोध्यावासियों ने भी उनका पीछा किया। बाद में तमसा नदी के तट पर सभी के सो जाने पर श्रीराम सभी को छोड़कर चित्रकूट की ओर प्रस्थान कर गए। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष संजय जायसवाल, रमेश शर्मा, बच्चा कुशवाहा, कमलेश अग्रहरि, राकेश जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।


रामलीला में मंचन करते कलाकार

स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का करते हैं निर्माण-सीएमओ

कौशाम्बी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय कुमार ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण करते हैं। सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का उद्देश्य गरीब, असहाय, महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धजनों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना है, ताकि आर्थिक अभाव के कारण कोई भी व्यक्ति उपचार से वंचित न रहे। उन्होंने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, सार्वभौमिक टीकाकरण, मिशन इंद्रधनुष तथा पोषण पुनर्वास केंद्र से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी और पात्र व्यक्तियों को इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा पात्र लाभार्थियों को प्रमाणपत्र, स्वीकृति पत्र एवं सहायक उपकरण प्रदान किए गए। उद्घाटन सत्र के अंत में अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी और जनपद एवं सत्र न्यायाधीश श्री बद्री विशाल पाण्डेय जी ने कहा कि इस वृहद शिविर का मुख्य उद्देश्य केवल विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देना मात्र ही नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक न्याय, अधिकार और सरकारी सुविधाओं की पहुँच सुनिश्चित करना है।

मेरा मानना है कि न्याय तभी सार्थक है, जब वह समाज के सबसे कमजोर, गरीब, वंचित और जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचे। हमारे संविधान ने प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार प्रदान किया है। न्याय केवल न्यायालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि किसी गरीब व्यक्ति को उसका अधिकार दिलाना, किसी जरूरतमंद को सरकारी योजना का लाभ दिलाना और किसी पीड़ित व्यक्ति को कानूनी सहायता उपलब्ध कराना भी न्याय का ही महत्वपूर्ण स्वरूप है।

इसी उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निरंतर कार्य कर रहा है।

परीक्षा केंद्र पर पहुंचे एसडीएम, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कौशाम्बी। करारी स्थित इंटर मीडिएट कॉलेज में बनाए गए पीईटी परीक्षा केंद्र पर रविवार को परीक्षा के दौरान सदर एसडीएम राजकुमार मौर्य निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा कक्षों सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान परीक्षा सुचारु रूप से संचालित होती मिली। एसडीएम ने केंद्र पर परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था और परीक्षा संचालन की स्थिति देखी। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक से आवश्यक जानकारी ली और परीक्षा को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराने को कहा। साथ ही परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को सतर्कता किया।

भाजपा को सिर्फ मायावती ही हरा सकती हैं - डा. रिजवी

कौशाम्बी। भारतीय मुस्लिम मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. मुमताज आलम रिजवी ने कहा कि २०२७ के विधानसभा चुनाव में भाजपा को चुनौती देकर सत्ता परिवर्तन करने की क्षमता बसपा सुप्रीमो मायावती में है। वह रविवार को मंझनपुर स्थित हैप्पी स्टे होटल में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में यह धारणा बनाई जा रही है कि मुस्लिम समाज बसपा के साथ नहीं है। जबकि मायावती सरकार ने हज हाउस, अल्पसंख्यक आयोग और वित्त निगम की स्थापना के साथ मुस्लिम बच्चियों के लिए छात्रवृत्ति और उर्दू शिक्षकों की भर्ती जैसे कई काम किए। उन्होंने सपा सरकार के कार्यकाल पर भी सवाल उठाए। डॉ. रिजवी ने मुस्लिम मतदाताओं से २०२७ में बसपा को समर्थन देने की अपील की। इस दौरान मंडल संयोजक फिरोज सिद्दीकी, जिलाध्यक्ष जावेद आलम समेत मंच के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

गाली-गलौज के विरोध पर दंपती को पीटा

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के निजामपुर नौगीरा गांव निवासी सुरेश कुमार तिवारी ने बताया कि शनिवार को पड़ोसी टुलटुल शराब पीकर गाली-गलौज कर रहा था। विरोध करने पर अपने भाई गंधू के साथ मिलकर पिटाई शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी को भी पीटा। मामले की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने घायलों का मेडिकल करा दिया है। थाना प्रभारी विनीत सिंह ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही है।

धान काटने से मना करने पर युवक को पीटा

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के अचाकापुर गांव निवासी पंचमलाल ने बताया कि २६ अक्तूबर को इलाके के बारा तफारीक गांव निवासी श्रवण शुक्ला ने उसके बेटे सुरेश कुमार उर्फ कल्लू को धान काटने के लिए बुलाया। मना करने पर गाली-गलौज करते हुए अपने भाई सुंदरम के साथ मिलकर उसकी पिटाई शुरू कर दी। इतनी तेज गर्दन दबा दी कि पीडित का पुत्र बेहोश होकर गिर पड़ा। मामले की शिकायत पर गैर इरादतन हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कोतवाल विनीत सिंह ने जांच के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही है।

दीपावली को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक,व्यापारियों में उत्साह

कौशाम्बी। धनतेरस व दीपावली के पर्व को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। घरों की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई और सजावट का काम जोर पकड़ने लगा है। त्योहार को लेकर व्यापारियों के साथ ही आम लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। पेंट, इलेक्ट्रॉनिक सामान, पर्दे और सजावटी वस्तुओं की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ रही है। वहीं धनतेरस और दीपावली पर अच्छे कारोबार की उम्मीद में व्यापारियों ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। दीपावली से पहले घरों को नया रूप देने के लिए लोग रंगाई-पुताई करा रहे हैं।

१४२ पुलिस कर्मियों व परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण

कौशाम्बी। पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस लाइन स्थित मनोरंजन गृह में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने १४२ जवानों और उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस लाइन स्थित मनोरंजन गृह में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने १४२ जवानों और उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही दवाएं भी दीं। शिविर में ६८ पुरुष, ४३ महिलाएं और ३१ बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकों ने लोगों की आवश्यक जांच करने के साथ ही उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। जरूरत के अनुसार दवाओं का भी निःशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव, संतुलित खानपान और नियमित दिनचर्या के महत्व की जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि भागदौड़ भरी दिनचर्या व काम के दबाव के बीच स्वास्थ्य की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने से बीमारियों की समय रहते पहचान और उपचार संभव है। शिविर के माध्यम से पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक भी किया गया।